आदेश पत्रक

न्यायालय उप जिलाधिकारी/परगना मजिस्ट्रेट, सदर, देवरिया

वाद संख्या 1282/2019

कंप्यूटरीकृत वाद संख्या 20190520870001285

दिनेश चन्द्र दीक्षित महाविद्यालय बनाम सरकार

अंतर्गत धारा- 80, उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता 2006

निर्णय

आवेदक श्री दिनेशचन्द्र दीक्षित महाविद्यालय [illegible] प्रबंधक दिनेशचन्द्र पुत्र [illegible] द्वारा उ0प्र0 राजस्व संहिता की धारा 80(1) के अन्तर्गत वाद/आवेदन प्रस्तुत किया गया है, जिसमें मुख्य कथन यह है कि ग्राम [illegible], तप्पा कचुआर परगना स0म0 तहसील व जिला देवरिया में स्थित आराजी संख्या 322 रकबा 1.0440हे0, उक्त भूमि में कृषि कार्य नहीं होता है, इसलिए उक्त भूमि को अकृषिक घोषित कर लगान से मुक्त किये जाने का अनुरोध किया गया है।

प्रस्तुत वाद/आवेदन के सम्बन्ध में तहसील से आख्या तलब की गयी। तहसील आख्या दिनांक 30.07.2019 जिसे तहसीलदार द्वारा दिनांक 30.07.2019 को अग्रसारित किया गया है, पत्रावली पर संलग्न है। तहसील आख्या में यह उल्लेख किया गया है कि आवेदक द्वारा ग्राम [illegible] तप्पा कचुआर परगना स0म0 तहसील व जिला देवरिया स्थित आराजी संख्या 322 रकबा 1.0440हे0 में महाविद्यालय का भवन, खेल मैदान आदि बना हुआ है। उक्त भूमि में कृषि कार्य नहीं होता है, इसलिए उक्त भूमि को अकृषिक घोषित किये जाने हेतु आख्या प्रेषित है।

मैंने तहसील आख्या एवं पत्रावली का सम्यक रूप से अवलोकन किया। आवेदक द्वारा प्रार्थना पत्र के समर्थन में ग्राम [illegible] तप्पा कचुआर, परगना–स0म0 की उद्धरण खतौनी फ0 427 – 1430 की व कृषि चित्र प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत उद्धरण खतौनी में आवेदक का नाम आराजी संख्या 322 रकबा 1.0440हे0, पर दर्ज है। आवेदक द्वारा शपथ पत्र प्रस्तुत किया गया है कि उक्त भूमि का उपयोग पूर्णतया शैक्षिक/व्यावसायिक रूप में किया जाता है एवं विवादित भूमि के संबंध में किसी न्यायालय में कोई वाद विचाराधीन नहीं है एवं कोई भी साक्ष्य दिया गया है, वह सही है एवं सत्य है। आवेदक द्वारा घोषणा शुल्क के रूप में 40000 रुपया ट्रेजरी चालान संख्या 3500/01, [illegible] एवं न्याय शुल्क के रूप में 40000 रुपया ट्रेजरी चालान संख्या 3500/01, [illegible] 00010 दिनांक 27.09.2022 को जमा किया गया है। जो पत्रावली पर संलग्न है। आवेदक द्वारा मौके का नजरी नक्शा, तहसील आख्या एवं मौके के दृष्टिचित्र के अवलोकन से विदित है कि आवेदक द्वारा भूमि का उपयोग कृषि/पशुपालन/बागवानी आदि से इतर प्रश्नगत